Bharat Temples

तेरा श्याम नाम ही बाबा

तेरा श्याम नाम ही बाबा व्यपार हो गया,
क्या धनवानों का बाबा लखदातार हो गया,
तेरा श्याम नाम ही बाबा ......

कुछ लोग पैसे वाले बड़ा रोब दिखते है,
वो पीछे के रस्ते से दर्शन कर जाते है,
ये निर्धन क्यों दर्शन से लाचार हो गया,
क्या धनवानों का बाबा लखदातार हो गया,
तेरा श्याम नाम ही बाबा ......

कुछ लोग कहते पैसा ना लेते गाने का,
बस खर्च हमारा दे देना तुम हमारे आने जाने का,
आने जाने में खर्चा कई हज़ार हो गया,
क्या धनवानों का बाबा लखदातार हो गया,
तेरा श्याम नाम ही बाबा ......

सच्चे भगतो को दर्शन होते है घंटो में,
कुछ खड़े हुए लाइन में कुछ पड़े है टेंटो में,
धर्म शाला पे सेठो का अधिकार हो गया,
क्या धनवानों का बाबा लखदातार हो गया,
तेरा श्याम नाम ही बाबा ......

शरधा भक्ति से यहाँ बाबा आता कौन है,
मेरा श्याम तो सबकी जाने पर रहता मोन है,
ये राज पल सच बोल के गुणागार हो गया,
क्या धनवानों का बाबा लखदातार हो गया,
तेरा श्याम नाम ही बाबा ......

Source:
https://www.bharattemples.com/tera-shyam-naam-hi-baba-vypaar-ho-geya-kya-dhanvano-ka-baba-lakh-daatar-ho-geya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw